UNIVERSITY NEWS 16 NOVEMBER 2025

AMAR UJALA

लविवि : कमरे में बाहरी छात्र मिले तो छात्रावास का आवंटन होगा निरस्त

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रावासों में अनुशासन और सुरक्षा सख्त करने के लिए नए नियम लागू कर दिए हैं। अब किसी भी छात्रावास के कमरे में बाहरी छात्र पाया गया तो संबंधित विद्यार्थी का हॉस्टल आवंटन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा। इसकी जानकारी अभिभावकों को भी दी जाएगी।

नई व्यवस्था के तहत छात्राएं रात आठ बजे के बाद और छात्र 10 बजे के बाद छात्रावास में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। हाल ही में अंतःवासियों और बाहरी छात्रों के बीच मारपीट की घटनाओं के बाद विश्वविद्यालय ने यह कदम उठाया है।

प्रो. मुकुल खन्ना की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई सुरक्षा समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी हॉस्टलों के मुख्य द्वारों पर सीसीटीवी कैमरों से पल-पल की निगरानी होगी और सुरक्षा कर्मियों को रात में पूरी तरह सक्रिय रहना होगा। बैठक में अतिरिक्त छात्र कल्याण प्रो. नीरज शर्मा, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनुप कुमार सिंह और चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

छात्राओं के लिए आठ बजे और छात्रों के लिए 10 बजे के बाद बंद होगा प्रवेश द्वार

सभी हॉस्टलों में सीसीटीवी से होगी कड़ी निगरानी

रात में होगी रैंडम चेकिंग : कुलसचिव ने निर्देश दिया कि प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम अलग-अलग दिनों में किसी भी छात्रावास में औचक निरीक्षण करेगी। चेकिंग के दौरान कर्मचारियों की लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रमुख निर्णय

- रात समय के बाद छात्र-छात्राओं को हॉस्टल में प्रवेश नहीं।
- कम में बाहरी छात्र मिलने पर आवंटन निरस्त।
- मनमानी पर अभिभावकों को सूचना।
- कर्मचारियों से अभद्रता पर स्थायी रोक।
- सभी छात्रावासों की नियमित मॉनीटरिंग।
- जहां सीसीटीवी कम हैं, वहां संख्या बढ़ाई जाएगी।
- प्रोवोस्ट को भी रात के समय सक्रिय रहना होगा।

कर्मचारियों से अभद्रता पर भी सख्ती : प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने कहा कि यदि कोई छात्र कर्मचारियों से बदसलूकी या मारपीट की कोशिश करता है तो अगले ही दिन से उसे छात्रावास में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे विद्यार्थियों को भविष्य में भी हॉस्टल आवंटन नहीं मिलेगा। विश्वविद्यालय से लेकर छात्रावास तक शैक्षिक माहौल बने। इसके लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं।

प्रतिष्ठित बूस्ट अवॉर्ड समारोह 18 को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित बूस्ट पुरस्कार समारोह की तारीख घोषित कर दी गई है। 18 नवंबर को मालवीय सभागार में होने वाले इस समारोह में 100 से अधिक शिक्षकों व शोधार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कुलपति प्रो. मुकुल खन्ना ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षण, शोध और नवाचार में जुटे उत्कृष्ट चेहरों को सम्मानित करना है। बता दें कि बूस्ट अवॉर्ड के तहत तीन श्रेणियां - उद्दीपन, प्रोत्साहन और अक्लेम शामिल हैं। उद्दीपन पुरस्कार उन शिक्षकों और विद्यार्थियों को दिया जाएगा जिन्होंने शिक्षण को बेहतर बनाने में प्रेरक भूमिका निभाई है। प्रोत्साहन पुरस्कार शोध में नवाचार और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने वाले शोधार्थियों को मिलेगा। वहीं, अक्लेम पुरस्कार उन्हें मिलेगा, जिन्होंने विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं दो दिसंबर से

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की एमए, एमएससी, एमसीए, बीफार्मा, बीजेएमसी और एमबीए फाइनेंस की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं दो दिसंबर से शुरू होंगी। इस संबंध में लविवि की ओर से शुक्रवार को परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षा के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यलायों व कॉलेजों को भी निर्देश दिया गया है कि परीक्षा की तैयारियां कर लें।

प्रवक्ता डॉ. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि विषयवार परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड है। परीक्षार्थियों को ध्यान रखना होगा कि जारी कार्यक्रम में परीक्षा की तारीख में बदलाव के लिए वेबसाइट पर अपडेट रहना होगा।

इन तारीखों में होंगी परीक्षाएं

- एमसीए तृतीय सेमेस्टर : 9 दिसंबर से 17 दिसंबर तक।
- बीसीए तृतीय सेमेस्टर : 9 दिसंबर से 17 दिसंबर तक।
- बीफार्मा तीसरा, पांचवां व सातवां सेमेस्टर : 9 दिसंबर से 17 दिसंबर तक।
- बीजेएमसी तीसरा व पांचवां सेमेस्टर : 2 दिसंबर से 19 दिसंबर तक।
- एमएससी बॉटनी तृतीय सेमेस्टर : 6 दिसंबर से 19 दिसंबर तक।
- एमए पॉलिटिकल साइंस तृतीय सेमेस्टर : 5 दिसंबर से 15 दिसंबर तक।
- एमए-एआईएच तृतीय सेमेस्टर : 5 दिसंबर से 15 दिसंबर तक।
- एमए जर्नलिज्म तृतीय सेमेस्टर : 8 दिसंबर से 15 दिसंबर तक।
- एमए इकोनॉमिक्स तृतीय सेमेस्टर : 5 दिसंबर से 15 दिसंबर तक।
- एमए संस्कृत तृतीय सेमेस्टर : 5 दिसंबर से 12 दिसंबर तक।
- एमए वेस्टर्न हिस्ट्री तृतीय सेमेस्टर : 5 दिसंबर से 15 दिसंबर तक।
- एमबीए फाइनेंस तृतीय सेमेस्टर : 13 दिसंबर से 23 दिसंबर तक।
- एमएससी जुलोजी तृतीय सेमेस्टर : 11 दिसंबर से 19 दिसंबर तक।
- एमएससी कंप्यूटर साइंस तृतीय सेमेस्टर - 6 दिसंबर से 19 दिसंबर तक
- एमएससी भूगर्भ विज्ञान तृतीय सेमेस्टर -11 दिसंबर से 19 दिसंबर तक

बताना होगा गुड व बैड टच का अंतर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में स्थापित विधिक सहायता केंद्र ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से शुक्रवार को पॉक्सो एक्ट पर जागरूकता कार्यशाला की। कार्यक्रम में विधिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष प्रो. अभिषेक कुमार तिवारी ने बच्चों की सुरक्षा से जुड़े संवैधानिक प्रावधानों व पॉक्सो एक्ट की भूमिका को सरल भाषा में समझाया। सदस्य ओजस्वी सिंह ने गुड टच और बैड टच का अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि बच्चों को इसके लिए जागरूक करना होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN

पीएचडी गहरी समझ विकसित करने का अवसर

लखनऊ। एलयू में काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल, हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी की ओर से प्रबंधन अध्ययन संकाय के लिए पीएचडी यात्रा को समझना विषयक परामर्श सत्र का आयोजन हुआ। अध्यक्षता प्रो. वैशाली सक्सेना, प्रो. मैत्रेयी प्रियदर्शिनी, प्रो. संगीता साहू आदि ने की। संदेश दिया गया कि पीएचडी शैक्षणिक यात्रा नहीं बल्कि स्वयं की गहरी समझ विकसित करने का अवसर है।

एलयू में 18 को शिक्षक, शोधार्थी होंगे सम्मानित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 18 नवंबर को बूस्ट पुरस्कार समारोह का आयोजन होगा। विवि के स्थापना सप्ताह के तहत एक कार्यक्रम आयोजित कर 100 से ज्यादा शिक्षकों और शोधार्थियों को उद्दीपन, प्रोत्साहन और एक्लेम पुरस्कार से नवाजा जाएगा। प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि इन पुरस्कारों के माध्यम से शिक्षकों और शोधार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

भावी प्रबंधकों ने एआई, गिग इकोनॉमी पर चर्चा की

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संस्थान में वित्त क्लब ने एमबीए छात्रों के लिए समूह चर्चा और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आइडिया एवलांच का आयोजन किया। ओएसडी प्रोफेसर विनीता काचर ने बताया कि समूह चर्चा में एआई, कार्य का भविष्य, गिग इकोनॉमी, भारत में जीएसटी सुधार और भारत में आरक्षण प्रणाली पर बात हुई। संचालन डॉ. वसुधा और डॉ. प्रियंका ने किया।

सुप्रिया, अदिति, अमरेश ने जीती निबंध प्रतियोगिता

लखनऊ। लखनऊ विवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में विकसित उत्तर प्रदेश @2047 – समृद्धि का शताब्दी पर्व के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना ने बताया कि निबंध लेखन प्रतियोगिता हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई थी। सुप्रिया सिंह, अदिति त्रिपाठी और अमरेश चंद्र गुप्ता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

DAINIK JAGRAN

परास्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाएं पांच से

जासं • लखनऊ : लवि ने परास्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है। यह परीक्षाएं पांच दिसंबर से शुरू होंगी। छात्र-छात्राएं वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव की ओर से जारी सूचना के अनुसार एम.ए पालीटिकल साइंस तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच से 15 दिसंबर, एम.एससी जियोलाजी और जूलाजी तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 से 19 दिसंबर, एम.एससी कंप्यूटर साइंस, एम.एससी अप्लाइड जियोलाजी तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 19 दिसंबर तक होंगी। एमबीए फाइनेंस एंड एकाउंटिंग तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 23 दिसंबर, एम.ए वेस्टर्न हिस्ट्री तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा पांच से 15 दिसंबर, एम.ए कम्पोजिट हिस्ट्री तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 10 से 15 दिसंबर तक आयोजित होगी।

लवि में बूस्ट अवार्ड समारोह 18 को

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में 18 नवंबर को बूस्ट पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें सत्र 2023-24 के चुने गए शिक्षकों व शोधार्थियों को तीन श्रेणियों उद्दीपन, प्रोत्साहन और एक्लेम पुरस्कार दिया जाएगा। समारोह दोपहर एक बजे से शुरू होगा। (वि.)

शोधार्थियों ने साझा की शोध रुचि

लखनऊ : लवि में काउंसिल एंड गाइडेंस सेल एवं हैप्पी थिंकिंग लैबारेटरी ने प्रबंधन विभाग के सहयोग से शुक्रवार को 'पीएच.डी. यात्रा को समझना' विषय पर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रो. वैशाली सक्सेना, प्रो. मैत्रेयी प्रियदर्शिनी, प्रो. संगीता साहू, डा. अनु कोहली और डा. तनुका चटर्जी ने की। 'माई रिसर्च क्यूरियोसिटी' में शोधार्थियों ने स्वयं का परिचय देते हुए शोध रुचियों को साझा किया। वि.